अमर उजाला 06/04/2024

शिविर में 160 लोगों की आंखें जांचीं

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी के प्रांगण में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अध्यक्षता और एनसीसी, एनएसएस तथा वाईआरसी सेल के नेतृत्व में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ डॉ रीना लांबा ने किया। उन्होंने बताया कि आज की जीवन शैली में व्यक्ति का अधिकतर समय स्क्रीन पर गुजर रहा है जिसकी वजह से नेत्र संबंधी अनेक रोग हो रहे हैं। उन्होंने छात्रों को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच कराने को प्ररित किया। शिविर में डॉ कपिल वोहरा और उनके स्टाफ सदस्यों ने 125 छात्र और 35 विद्यालय स्टाफ की आंखों को जांचा।